# सागवाडा लाईव न्यूज़



**सुचना-**

विज्ञापन, खबरों के लिए या हमारे साथ जुडने के लिए वाट्सएप पर संपर्क करें- , 8209335497

हमें निष्पक्ष पत्रकारिता में रुचि रखने वाले युवाओं की आवश्यकता है।

डिजिटल अंक | Dungarpur, Banswara, Udaipur, Kota, Salumber, Chittor, pratapgarh

सागवाड़ा से प्रकाशित | Pages 04 | RNI- RAJHIN/25/A1329 | www.vagadlive.in | Editor- Jitendra singh chouhan

11 अक्टूबर 2025 शनिवार | ● वर्ष - ९ | ● अंक ३१ | ● पृष्ठ ०४ | ● मूल्य - निशुल्क | ● www.vagadlive.in


# सागवाड़ा में चार थानों की पुलिस का फ्लैग मार्च, त्योहारों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सख्त

## चप्पे चप्पे पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर





सागवाड़ा लाईव न्यूज़ (डूंगरपुर)। आगामी दीपावली व करवा चौथ त्योहारों को मध्यनज़र रखते हुए सागवाड़ा शहर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस उप अधीक्षक रूप सिंह राठौड़ के नेतृत्व में चार थानों — सागवाड़ा, सरोदा, ओबरी और चितरी — की पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से यह फ्लैग मार्च निकाला। मार्च सागवाड़ा थाना परिसर से शुरू होकर मांडवी चौक, कटारवाड़ा, पोलका कोठा, मसानिया तालाब, इंदिरा कॉलोनी होते हुए पुनः थाने पर पहुंचा। डीएसपी राठौड़ ने बताया कि दीपावली पर बढ़ती भीड़ और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने कहा कि "आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय" की नीति को साकार करने के लिए पुलिस शहर के हर कोने पर नजर रखे हुए है। त्योहारों के दौरान बाजारों में उमड़ रही भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है। राठौड़ ने बताया कि पुलिस टीम लगातार गश्त कर रही है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और शहर में शांति एवं सौहार्द का माहौल बना रहे।




## सागवाड़ा में दशहरा-दीपावली महोत्सव के तहत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सोमवार को

सागवाड़ा लाईव न्यूज़ (डूंगरपुर): नगरपालिका सागवाड़ा द्वारा दशहरा-दीपावली महोत्सव के अंतर्गत आगामी सोमवार, 14 अक्टूबर को भव्य अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम महिपाल मैदान में रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगा।कवि सम्मेलन में मुख्य कवि के रूप में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हास्य कवि पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र शर्मा (दिल्ली) तथा हास्य सम्राट जानी बैरागी (धार) विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं। इसके साथ ही बदायूं से गंगा-जमुनी तहजीब के मशहूर शायर कुंवर जावेद, बलवंत बल्लू (ऋषभदेव), अशोक नागर (इंदौर), दिनेश देसी घी (शाजापुर), कानू पंडित (नाथद्वारा), कवयित्री सुमित्रा सरल (रतलाम), छत्रपाल शिवाजी (गोवाडी), विपुल विद्रोही (धम्बोला), पंडित मयंक मीत (सागवाड़ा), विपिन वत्सल (सागवाड़ा) तथा बाल कवि आगम अतुल शाह अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे।लगभग पाँच वर्षों के अंतराल के बाद नगरपालिका द्वारा नगर में आयोजित किए जा रहे इस कवि सम्मेलन को लेकर शहर के काव्यप्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर नगरपालिका प्रशासन तैयारियों में जोर-शोर से जुटा हुआ है और महिपाल मैदान को आकर्षक रूप से सजाने की तैयारियां चल रही हैं।

## सागवाड़ा की यह दशा ठीक नहीं (अनीता माया ट्रेवल्स)



## कई वर्षों से लंबित खातेदार भूमि का हुआ बटवारा

### ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन आयोजन



ब्युरो रिपोर्ट

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के तहत जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी दौरान शुक्रवार को ग्राम पंचायत दिवड़ा बड़ा में आयोजित शिविर में खाता संख्या 238, 179 में खातेदार कचरा, लक्ष्मण, हुका, नानी, रेशम सविता पिता चुनिया जाति भील ने आपसी सहमति से बंटवारे हेतु आवेदन किया जो काफी वर्षों से लम्बित था। जिस के लिए शिविर प्रभारी के निर्देशानुसार राजस्व कार्मिको द्वारा मौके पर जाकर तत्काल बटवारा कर, शिविर प्रभारी को प्रस्तुत किया । शिविर प्रभारी ने बंटवारे की जांच कर बंटवारे को राजस्व रिकार्ड के अमल दरामद के लिए आदेश दिया। इस के लिए काश्तकारों द्वारा राजस्थान सरकार एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया । पंचायत मुख्यालय पर आयोजित शिविर में महेन्द्र पुत्र लालु मनात मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना अन्तर्गत आवेदन करवाने के लिए उपस्थित हुए। इस दौरान शिविर में महेन्द्र मनात के ई-मित्र पर ले जाकर हाथों-हाथ मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना अन्तर्गत आवेदन करवाया गया। जिस पर लाभार्थी खुश हुआ एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के आयोजित करने के लिए सरकार एवं प्रशासन को धन्यवाद दिया।

## टीम ऑफ विजिटर्स दने जिला कारागृह का किया औचक निरीक्षण

## विश्व मानसिक दिवस के अवसर पर जिला कारागृह में शिविर का किया आयोजन



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार ) के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मनोज मीना द्वारा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान वर्ष 2025-26 की अनुपालना में 10 अक्टूबर (विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस) के अवसर पर शुक्रवार को जिला कारागृह डंूगरपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया तथा टीम ऑफ विजिटर्स द्वारा कारागृह का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रणछोड डामोर, उपनिदेशक समाजिक न्याय एवं अधिकारीता विभाग पिंकी मीणा ,डूंगरपुर एवं खण्ड़ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राहुल जैन सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मनोज मीना, एवं टीम ऑफ विजिटर्स द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेशो की पालाना में सभी बंदीयों से जानकारी ली गयी कि जेल में जेल प्रशासन एवं अन्य बंदी द्वारा जातिगत एवं धार्मिक भेदभाव नही किया जा रहा है तथा बंदीयों द्वारा ऐसी कोई शिकायत पेश नही हुई है। इस बारे में जेल प्रभारी को निर्देश दिए कि बंदीयों के साथ किसी प्रकार का जातिगत आधारित भेदभाव नही करे । विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री मनोज मीना, सचिव ने नालसा (मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना, 2015 और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 से संबंधित विशेष कानूनी जानकारी देकर बंदीयों को मानसिक तनाव से मुक्त रखने लिये स्वयं को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखनें, नियमित योग, प्रणायाम आदि करने एवं प्रतिदिन शारिरिक व्यायाम किये जाने के लिये अवगत कराया एवं रूचिकर पुस्तके पढने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला कारागृह में पेयजल, साफ-सफाई एवं चिकित्सा व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल, डूंगरपुर हितेश भण्डारी द्वारा ग्राम पंचायत पाल देवल, हिम्मत कुमार भगोरा पैरालीगल वॉलियन्टर, सागवाड़ा द्वारा ग्राम पंचायत भीलुडा, मुख्यतार अहमद पैरालीगल वॉलियन्टर, डूंगरपुर द्वारा इन्दरखेत, जसवंतसिंह सिसोदिया पैरालीगल वॉलियन्टर, आसपुर द्वारा ग्राम पंचायत बनकोडा, श्री रमेशचंद्र रोत, चिखली ग्राम पंचायत पियोला, श्री अनिल यादव, पैरालीगल वॉलियन्टर, बिछीवाड़ा ग्राम पंचायत छापी एवं शत्रुजंय कलासुआ, पैरालीगल वॉलियन्टर, साबला ग्राम पंचायत बडलिया पर शिविर का आयोजन कर शिविर में उपस्थित आमजन को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर मानसिक तनाव से दूर रहने एवं स्वयं को तनाव मुक्त जीवन यापन करने के साथ-साथ निःशुल्क विधिक सहायता एवं अन्य विधिक जानकारी उपलब्ध करायी।

## कलेक्टर ने बिलपन में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं रात्रि में चौपाल में ग्रामीण बोले- बिजली-पानी की दिक्कत खत्म हो



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर के बिछीवाड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बिलपन में गुरुवार रात जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया। रात्रि चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। लोगों ने बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें रखीं। कुछ लोगों ने व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान की मांग भी की। कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने एक-एक परिवादी से धैर्यपूर्वक संवाद किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कुछ मामलों में जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही करने के आदेश भी दिए गए । बिछीवाड़ा निवासी रमेश ने शुक्रवार दोपहर 2:00 बजे जानकारी देते हुए बताया कि चौपाल में सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लोगों को आवेदन प्रक्रिया समझाई। कलेक्टर ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे योजनाओं के प्रति जागरूक रहें और समय पर आवेदन करें। ग्रामीणों ने गांव के विद्यालय में कमरों की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं की अनियमितता पर भी ध्यान आकर्षित किया। इस पर कलेक्टर ने शिक्षा विभाग और चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने गांव के मेधावी और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी मेहनत और लगन से आगे बढ़कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।







## बरबोदनिया में कार की टक्कर से बाइक सवार की मौतः अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस




सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर के सागवाड़ा थाना क्षेत्र में एनएच 927 ए गुरुवार शाम के समय बरबोदनिया मोड के पास एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा थाने के एसआई सोमेश्वर ने शुक्रवार दोपहर 2:00 जानकारी देते हुए बताया कि हिगडातलाई ओबरी निवासी धनपाल कलासुआ अपनी बाइक से सागवाड़ा में खरीददारी करने जा रहा था। इस दौरान बरबोदनिया मोड पर सागवाड़ा से आ रही कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में धनपाल गंभीर घायल हो गया। गंभीर घायल धनपाल को सागवाड़ा अस्पताल पहुंचाया गया। जहां गंभीर हालत होने पर उसे प्राथमिक इलाज के बाद डूंगरपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। डूंगरपुर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को मॉच्र्युरी में रखवाया। सूचना पर पुलिस व परिजन डूंगरपुर जिला अस्पताल की मॉर्च्यूरी पहुंचे। जहां शुक्रवार को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।






खबर, बिज्ञापन के लिए संपर्क करे

सागवाड़ा लाईव न्यूज़ - 8209335497

**करवा चौथ बना जीवनदान: पत्नी ने पति को बचाने के लिए दान की किडनी**

मध्य प्रदेश के राजगढ़ की प्रिया ने करवा चौथ पर सच्चे प्रेम और समर्पण की मिसाल पेश की। कोविड के बाद पति पुरुषोत्तम की दोनों किडनियां फेल हो गईं। जब कोई आगे नही आया, तब प्रिया ने अपनी किडनी दान कर पति की जान बचा ली। अब हर करवा चौथ उनके लिए सिर्फ़ व्रत नहीं, बल्कि जीवन का उत्सव बन चुका है।

## "बाल संरक्षण हेतु गुमशुदा बच्चों की खोज और अपराध मामलों की कानूनी कार्यवाही"

**रपरिषद में करगेटा और डाल तिराहा शामिल, जानिए- आपका इलाका कहां आएगा**




चंद्र प्रताप सिंह चौहान

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति खैरवाङा के अध्यक्ष अपर जिला एवं सेशन न्यायालय खैरवाङा न्यायाधीश जगदीश कुन्तल के निर्देशन में शुक्रवार को पुलिस थाना खैरवाङा में पीएलवी चन्दूलाल मेघवाल द्वारा बमाह अक्टूबर 2025 एक्शन प्लान की अनुपालना में गुमशुदा बच्चों तथा बच्चों के विरूद्ध घटित अन्य अपराधों के संबंध में पुलिस थाना खैरवाङा के द्वारा अमल में लायी जाने वाली प्रकिया/कार्यप्रणाली पर निगरानी रखने हेतु कार्य करने की विभिन्न प्रकार की कार्य शैली से विस्तृत जानकारी ली एवं पुलिस थाना खैरवाङा से पीएलवी को प्राप्त सूचना रिपोर्ट के अन्तर्गत बालअपराध रोकथाम व बच्चों घटित अपराध रोकथाम उपाय जागरूकता शिविर का आयोजन साथ ही विभिन्न प्रकार उपाय एवं गुमशुदा बच्चों से जुड़े दर्ज प्रकरणों में अनुसंधान में वर्ष 2025के अन्तर्गत कुल 18 बच्चे गुमशुदा हुए थे जिनमें 17पुनः मिल चुके हैं उक्त रिपोर्ट पीएलवी द्वारा तालुका विधिक सेवा समिति खैरवाङा को प्रेषित की जाएगी इस अवसर पर पुलिस थाना खैरवाङा पुलिस निरीक्षक दलपत सिंह राठौड़ के नेतृत्व में पुलिस थाना से टीम में हैङ कानिस्टेबल कमल कुमार ताराचंद हैङ कानिस्टेबल महेन्द्रसिंह राठौङ अशोक कुमार कानिस्टेबल संजय लबाना इत्यादि की उपस्थिति रही उक्त जानकारी तालुका विधिक सेवा समिति खैरवाङा सचिव महेश कुमार मीणा द्वारा प्रदान की गई।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर दी कानूनी जानकारी

**बाल श्रम निषेध, बाल विवाह रोकथाम, और अपराध से दूर रहने की शपथ**







सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ खैरवाड़ा (उदयपुर): राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के निर्देशानुसार, तालुका विधिक सेवा समिति खैरवाड़ा की ओर से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस (10 अक्टूबर) के अवसर पर शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, बड़ला में कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं समिति अध्यक्ष जगदीश कुन्तल के निर्देशन में की गई। इस अवसर पर पीएलवी चन्दूलाल मेघवाल ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन बनाए रखने, अपराध से दूर रहने तथा नशे जैसी बुरी आदतों से बचने के लिए प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं को बाल श्रम निषेध, बाल विवाह रोकथाम, और अपराध से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। साथ ही यातायात नियमों एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पोक्सो एक्ट 2012 (लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम), घरेलू हिंसा, शोषण, एवं जबरन श्रम के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को मोबाइल और स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नकारात्मक प्रभावों के प्रति भी जागरूक किया गया। कानूनी प्रावधानों को सरल भाषा में समझाया गया ताकि छात्र-छात्राएं इन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाएं।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य दिनेश पांडोर, व्याख्याता पवन कुमार जोशी, मिथिलेश जैन, रमेशचंद्र कोली, प्रवीण कुमार मीणा, वरिष्ठ अध्यापक शंकरलाल मीणा सहित विद्यालय के शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी तालुका विधिक सेवा समिति खैरवाड़ा के सचिव महेश कुमार मीणा द्वारा प्रदान की गई।

# अवैध शराब तस्करी पर पुलिस का शिकंजा



## जिला स्तरीय रेसलियन समागम 14 को सागवाड़ा में

पिएम श्री महीपाल सिनियर सेकेण्डरी स्कूल सागवाड़ा

सागवाड़ा लाईव न्यूज़। जिले के प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य एवं व्याख्याताओं (रेसलियन) के एक दिवसीय समागम कार्यक्रम को लेकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सागवाड़ा में बैठक हुई जिसमें 14 ऑक्टूबर को होने वाले समागम की कार्ययोजना बनाई गई। समागम आयोजन बैठक का मुख्य आतिथ्य रेसा-पी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डायालाल पाटीदार ने किया। जिला अध्यक्ष रेसा -पी कुलदीप जैन ने अध्यक्षता की एवं ब्लॉक अध्यक्ष रेसा- पी अर्जुनलाल पारगी, रेसला अध्यक्ष नीरज पाटीदार प्रधानाचार्य वेलचंद पाटीदार भरत जोशी, प्रवीण भट्ट व प्रदीप सिंह विशिष्ट अतिथि थे। बैठक में आयोजन के निमंत्रण पत्र जारी करते हुवे डायालाल पाटीदार ने बताया कि रेसलियन समागम के इस आयोजन में जिले भर के प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य एवं व्याख्याता के अलावा रेसा-पी एवं रेसला की प्रदेश कार्यकारिणी व राज्य के सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री एवं कोषाध्यक्ष भाग लेंगे। यह राज्य स्तरीय आयोजन जिले के रेसलियन मिलकर कर रहे है। इस आयोजन में विभिन्न समस्याओं, शैक्षिक गतिविधियां, परीक्षा परिणाम उन्नयन, प्रधानाचार्य के पदस्थापन, व्याख्याता व डीईओ डीपीसी, उप प्रधानाचार्य पदस्थापन, आठवां वेतन आयोग एवं नवीन नई शिक्षा नीति सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा रेसलियन संगठन में जिले से लेकर राज्य स्तर पर अपनी विशिष्ट सेवा और समर्पण करने वालों का सम्मान भी किया जाएगा। आयोजन को लेकर बैठक में कार्ययोजना बनाकर विभिन्न दायित्व दिए गए। प्रदेश प्रतिनिधि प्रशांत शर्मा ने अभी तक के कार्य का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुवे बताया कि जयेश पाटीदार व हरीश पाटीदार ने सीमलवाड़ा एवं झोथरी ब्लॉक, प्रशांत शर्मा व हसमुख पंचाल ने दोवड़ा ब्लॉक, महेश शर्मा व मनोज भट्ट ने बिछीवाड़ा, रेसा पी अध्यक्ष कुलदीप जैन और तेजसिंह चुंडावत ने डूंगरपुर ब्लॉक में व्यापक संपर्क कर समागम आयोजन में आने का आव्हान किया। संचालन महेश शर्मा ने किया एवं मनोज भट्ट ने आभार व्यक्त किया।



चौरासी पुलिस द्वारा जब्त मय कार


**संवाददाता गुणवंत कलाल**

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ सीमलवाड़ा। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के मार्गदर्शन एवं सीमलवाड़ा पुलिस उप अधीक्षक राजकुमार राजोरा के सुपरविजन में ऑपरेशन स्वच्छता अभियान के तहत चौरासी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने एक स्विफ्ट कार से अवैध रूप से तस्करी की जा रही राजस्थान निर्मित अंग्रेजी शराब और बियर के कुल 27 कार्टन जब्त किए हैं। इस कार्रवाई में प्रयुक्त स्विफ्ट कार की कीमत करीब 4 लाख रुपये, जब्त की गई शराब की अनुमानित कीमत 2.25 लाख रुपये, इस प्रकार कुल 6.25 लाख रुपये मूल्य का माल जब्त किया गया है।

## चौरासी थाना पुलिस ने स्विफ्ट कार से 27 कार्टून अंग्रेजी शराब जब्त, दो तस्कर फरार

Indergarh- थानाधिकारी रमेश कटारा ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक स्विफ्ट कार गुजरात नंबर की में अवैध रूप से शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना पर वैजा चौकी के सामने नाकाबंदी की गई। इसी दौरान डूंगरपुर की ओर से तेज गति से आती कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक नाकाबंदी तोड़कर सीमलवाड़ा की दिशा में भाग गया। पुलिस जाप्ता ने तुरंत पीछा किया और कुछ दूरी पर गौरादा गांव के माताजी रोड पर कार को लावारिस हालत में छोड़, कार चालक व उसके साथी मौके से फरार हो गए। कार की तलाशी लेने पर अंदर विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब एवं बियर के कार्टून भरे मिले। इनमें किंगफिशर बियर टिन के 9 कार्टन,ऑफिसर चॉइस व्हिस्की के पव्वे के 2 कार्टन,ग्रीन लेबल व्हिस्की के 3 कार्टन,व्हाइट लेस वोडका के पव्वे के 14 कार्टन शामिल हैं। पुलिस ने मौके से शराब व वाहन को जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। थानाधिकारी रमेश कटारा ने बताया कि फरार आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनकी तलाश के लिए टीमों का गठन किया गया है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी रमेश कटारा, सहायक उप निरीक्षक छत्तर सिंह, हैड कांस्टेबल खुशपाल सिंह,कांस्टेबल ईश्वरलाल, दिनेश कुमार और ईश्वर की अहम भूमिका रही। डीएसपी राजकुमार राजोरा ने बताया कि ऑपरेशन स्वच्छता के तहत अवैध मादक पदार्थों और शराब तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। जिले में कानून व्यवस्था और सामाजिक शांति बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार गश्त और सघन चेकिंग की जा रही है।



# कोटा में किसान ने सुसाइड किया

## अतिवृष्टि से फसल खराब हो गई थी, खेत किराए पर ले रखा था



सागवाड़ा लाइव न्यूज़

कोटा में किसान ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। अतिवृष्टि के कारण किसान की सोयाबीन की फसल पहले ही खराब हो चुकी थी। अक्टूबर में सरसों की बुवाई की थी, लेकिन दो दिन की मूसलाधार बारिश ने उसको को भी पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। मामला इटावा क्षेत्र का है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। लगातार नुकसान से परेशान किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहा था, जिसके कारण वह तनाव में था। किसान के ऊपर ढाई से तीन लाख रुपए का कर्ज था। परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाने से इनकार कर दिया है। इटावा एएसआई कमल प्रकाश मीणा ने बताया कि जगदीश प्रजापत (50) ने गुरुवार रात घर पर ही जहर खा लिया था, जिसके बाद उसे इटावा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वहां से उसे कोटा रेफर कर दिया गया, जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान जगदीश की मौत हो गई। बेटे रविंद्र कुमार प्रजापत ने बताया कि उनकी जमीन भी नहीं है। इटावा में ही चाय की दुकान है। रविंद्र ने यह भी कहा कि अगर सरकार की ओर से फसल मुआवजा दिया जाएगा, तो वह जमीन मालिक को जाएगा। खुद की कोई जमीन नहीं थी, 3 लाख का कर्जा था किसान जगदीश के साले महावीर प्रजापत ने बताया कि जगदीश के पास खुद की कोई जमीन नहीं थी। उन्होंने 25 बीघा जमीन किराए पर लेकर खेती की थी। पहले सोयाबीन की फसल गलने से भारी नुकसान हुआ, और जब सरसों बोई तो बारिश ने सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। उनके ऊपर करीब तीन लाख रुपए का कर्ज था। घर की पूरी जिम्मेदारी जगदीश पर थी। बढ़ते कर्ज और फसल बर्बादी से टूटकर उन्होंने यह कदम उठा लिया।

# कोटा के डाढ़-देवी में लगी दुकानों पर चला बुलडोजर

## फॉरेस्ट अधिकारी पर 1 लाख रुपए मांगने का आरोप; दुकानदार बोले-पहले भी दे चुके रिश्वत





### वन विभाग की जमीन पर लगी अवैध दुकानें तोड़ी गई

● कोटा के सबसे प्राचीन डाढ़ देवी मंदिर के बाहर 5 दुकानों पर चला फॉरेस्ट विभाग का बुलडोजर। मंदिर के बाहर लंबे समय से ग्रामीण लोगों पांच दुकानें कच्ची बनाई हुई थी। आज सुबह वन विभाग की टीम वहां पहुंची और इन पांचों दुकानों को तोड़ गई। दुकानदारों ने वन विभाग के एक अधिकारी पर रिश्वत मांगने के भी आरोप लगाए है। दुकानदार सांवरा गुर्जर ने बताया कि हमारी दुकान 10 से 15 साल पुरानी है और हमने कच्ची टपरी बनाकर ही दुकान बनाई हुई है, जिसमें प्रसाद से लेकर यहां आने वाले श्रद्धालु जो की मन्नत पूरी होने के बाद रसोई कार्यक्रम करते हैं। उन सभी के सामान भी रखते हैं। वन विभाग के द्वारा कल रात में नोटिस दिया कि सभी सामान बाहर निकाल ले और आज सुबह आकर सभी दुकानों को तोड़ गए। वहीं एक दुकान को बिना नोटिस दिए तोड़ दिया गया। दुकानदार ने बताया कि साजिद अली सहायक वनपाल है उसने हमसे 1 लाख रुपए की मांग की रुपए नहीं दिए तो उसने दुकानों पर बुलडोजर चला दिया। दुकानदार ने बताया कि देवस्थान विभाग की ओर से पहले दीवार बनाने का काम किया गया था तब साजिद अली के द्वारा 1 लाख रुपए मांगे गए दीवार घुमाने के हम लोगों ने उसे 1 लाख रुपए इकट्ठे करके दिए तो उसने दीवार घुमा दी और हमारी दुकान के पीछे से निकाली। पिछले महीने भी नोटिस दिया लेकिन उसके बाद साजिद अली ने डिमांड रखी कि अगर दुकानें बचानी है तो 1 लाख देने पड़ेंगे। हम रोजाना 400 से 500 रुपए कमाते हैं, कैसे इनकी डिमांड पूरी करे। 1 साल पहले भी दे चुके लेकिन दोबारा से यह मांग रहा था। माता जी के बाहर दुकान लगाने वाले सभी गरीब लोग हैं। जो कि अपने परिवार का पालन यहां दुकान लगाकर करते थे अब वन विभाग के द्वारा तोड़ने के बाद कहां जाएं। सहायक वनपाल साजिद अली ने बताया कि वन विभाग की जमीन पर अवैध रूप से दुकान लगाई हुई थी, उच्च अधिकारियों के निर्देशन में यह कार्रवाई हुई। दुकानदारों ने जो भी आप मेरे ऊपर लगाए हैं, वह सब गलत है। दुकान है उनकी टूट चुकी है, अब वह झूठ बोल रहे हैं। डीएफओ एके श्रीवास्तव ने बताया कि फॉरेस्ट की जमीन पर कई लोगों ने अवैध रूप से दुकानें लगाई हुई थी। काफी लंबे समय से सूचना मिल रही थी इन दुकानों पर माताजी के प्रसाद बेचने के साथ-साथ यहां पर आने वाले लोगों को शराब भी देते थे। दुकान वाले 1 लाख रुपए मांगने का जो आरोप लगा रहे हैं वह गलत है। दुकान तोड़ने के बाद तो अब कोई भी आरोप लगा सकता है। अगर उनसे इस तरह से कोई रुपए मांग रहा था तो उनको मेरे पास आकर शिकायत करनी चाहिए थी। सागवाड़ा लाईव न्यूज़/

# राउमावि सीमलवाड़ा में मेंटर मेटों कार्यक्रम आयोजित



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ सीमलवाड़ा गुणवंत कलाल। पीएम श्री श्री मणिलाल पंड्या राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सीमलवाडा में पीएम श्री योजना अंतर्गत मेंटर मेंटी गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रद्धा पंड्या द्वारा की गई। मेंटर के रूप में छतर सिंह डामोर ने विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया एवं मानसिक तनाव से विद्यार्थी कैसे दूर रहे, इस विषय पर भी मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उन्होंने बताया कि विद्यार्थी जीवन में योग और प्राणायाम को भी विशेष महत्व देना चाहिए। ताकि मानसिक तनाव से बचा जा सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी जीवन की चुनौतियों के संबंध में विभिन्न प्रश्न पूछे एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान राजकुमार बैरवा, गिरा भट्ट, प्रियंका पंड्या, रेणुका पगी, परेश कुमार बंजारा, अरमान रजा शेख, कालूराम रोत ,कांतिलाल डामोर, सीमा मेहता, धनु डामोर, शकुंतला पंड्या, सपना त्रिवेदी, कल्पना पाटीदार आदि उपस्थित रहे । मंच संचालन दिलीप सिंह चौहान द्वारा किया गया।











# गोविंद गुरु राउमावि बांसिया के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण — होटल प्रबंधन और व्यावसायिक शिक्षा पर ली जानकारी



संवाददाता | गुणवंत कलाल

सीमलवाड़ा। गोविंद गुरु राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बांसिया के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण किया। विद्यालय के प्रिंसिपल धनपाल भोई ने हरी झंडी दिखाकर भ्रमण दल को रवाना किया। प्रभारी कुंदन सिंह चौहान ने बताया कि भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने धंबोला कस्बे में स्थित खाललेश्वर महादेव मंदिर का अवलोकन किया और इसके बाद सीमलवाड़ा के ऋतुराज होटल का दौरा किया। वहां छात्रों ने होटल प्रबंधन, संचालन, ग्राहक सेवा और आतिथ्य क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।भ्रमण के दौरान सहायक प्रभारी जितेंद्र भोई सहित विद्यालय स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे। इस औद्योगिक भ्रमण में कुल 70 विद्यार्थी शामिल हुए, जिन्होंने उत्साह और जिज्ञासा के साथ विभिन्न विषयों पर जानकारी ली।हरी झंडी दिखाने के अवसर पर प्रिंसिपल धनपाल भोई, गोपाल त्रिवेदी, सुरेंद्र सिंह चौहान, कुंदन सिंह चौहान और जितेंद्र भोई उपस्थित रहे।प्रभारी कुंदन सिंह चौहान ने बताया कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान, आत्मविश्वास और रोजगार उन्मुख शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती है, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें।

# चौरासी विधानसभा क्षेत्र में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, त्योहारों पर शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ सीमलवाड़ा गुणवंत कलाल। आगामी त्योहारों को लेकर क्षेत्र में शांति, कानून व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन की ओर से शुक्रवार को चौरासी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया।सीमलवाड़ा पुलिस उप अधीक्षक राजकुमार राजोरा के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च चौरासी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुलिस थाना धंबोला, चौरासी ओर कुंआ क्षेत्र में निकाला गया। वहीं धंबोला थाना क्षेत्र के धंबोला, सीमलवाड़ा, पीठ कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में धंबोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ओर चौरासी थानाधिकारी रमेश कटारा, कुंआ थानाधिकारी रामेंग पाटीदार पुलिस जाप्ता एवं होमगार्ड के जवान शामिल रहे। फ्लैग मार्च सीमलवाड़ा कस्बे से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, बस स्टैंड, प्रमुख मार्गों से होता हुआ विभिन्न वार्डों से गुजरा। इसके बाद पुलिस दल धंबोला, पीठ कस्बे में पहुंचा, जहां स्थानीय पुलिस ने भी शामिल होकर जनता से शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उप अधीक्षक राजकुमार राजोरा ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। सभी थाना अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, भीड़भाड़ वाले इलाकों में निगरानी रखने एवं संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त जाप्ता तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या आपसी वैमनस्य फैलाने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक संदेश को साझा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस की गाड़ियों के सायरन और जवानों की अनुशासित पंक्ति ने नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा जगाया। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे फ्लैग मार्च से त्योहारों के दौरान क्षेत्र में शांति और सौहार्द का संदेश जाता है।